दीक्षा समारोह में 5,441 छात्रों को दी जाएगी उपाधि

- 10 दिसंबर को यूटीयू के आठवें दीक्षा समारोह में राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि
- पद्मभूषण डा. विजय पांडुरंग भटकर एवं पद्मश्री अरविंद कुमार गुप्ता होंगे विशिष्ट अतिथि

जागरण संवाददाता, देहरादून: वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के आठवें दीक्षा समारोह में पांच हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को स्नातक और स्नातकोत्तर की उपाधि प्रदान की जाएगी। 10 दिसंबर को झाझरा स्थित परिसर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) 67 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक से सम्मानित करेंगे।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सत्येंद्र सिंह ने बताया कि दीक्षा समारोह के आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। स्वयं कुलपति प्रो. ओंकार सिंह भी प्रतिदिन दीक्षा समारोह के कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। विवि के दीक्षा समारोह के आयोजन की सूचना से उपाधि एवं पदक से अंलकृत होने वाले छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर है। वे समारोह का उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे है। कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों के 3,843 एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में 1,544 सहित कुल 5,387 उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं उपाधि प्राप्त करेंगे। इसके अतिरिक्त 16 स्वर्ण पदक, 14 रतन व 13 कांस्य पदकधारी एवं 24 पीएचडी धारकों को राज्यपाल उपाधि प्रदान करेंगे। विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को वेबपोर्टल पर गुरुवार तक पंजीकरण करना होगा। उपाधि पाने वाले छात्र अपने साथ अधिकतम दो अभिभावकों का भी पंजीकरण कर सकते हैं। दीक्षा समारोह में उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले चयनित छात्र-छात्राओं के अलावा विशिष्ट अतिथि तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल, विश्व प्रसिद्ध नालंदा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलाधिपति व देश में सुपर कंप्यूटर के विकास का श्रेय प्राप्त करने वाले पदमभूषण डा.विजय पांडुरंग भटकर व आइटी लीडर और देश में 8,700 से अधिक खिलौनों से 15 भाषाओं में विज्ञान समझाने वाले पदमश्री अरविंद कुमार गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगे।